तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	पत्रावली दिनांक 8/2/22 को पेश हो	
8/2/22	पत्रावली पेश हुई। अभि० उभ० उपस्थित बहस सुनी गई। प्रार्थी के अभि० ने दौराने बहस तर्क किया कि विवादित आराजी पर स्थगन जारी नहीं किया गया तो प्रार्थी की अपूरणीय क्षति होगी। अप्रार्थीगण के अभि० तर्क किया कि प्रार्थी को कोई क्षति नहीं होगी अतः प्रा० पत्र खारिज फरमाया जावे। मेरे द्वारा उभयपक्ष के अभि० के तर्कों पर मनन किया गया तथा पत्रा० का अवलोकन किया गया विवादित आराजी पर अस्थाई निषेधाज्ञा जारी किया जाना न्यायसंगत है अतः आदेश है कि उभयपक्ष के विरुद्ध अस्थाई निषेधाज्ञा से तफैसला दावा इस अमर से पाबंद किया जाता है कि विवादित आराजी खसरा नं० 2104/407 रकबा 1 बीघा वाके ग्राम बारह मासी की मौके की यथास्थिति स्थिति बनाये रखें प्रकरण फैसल शुमार होकर नम्बर से कम किया जाकर मूल दावे के साथ शामिल किया जावे निर्णय लिखा जाकर सुनाया गया। सहायक कलक्टर उच्चैन (भरतपुर)	